आकाशवाणी केन्द्र शिमला
20.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा— चुनाव के दौरान जनता से किए गए वायदे 5 साल में होंगे पूरे— जॉब ट्रेनी 2 साल बाद होंगे नियमित।
- रोज़गार के मुद्दे पर सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक— नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री पर झूठे आंकड़े पेश करने का लगाया आरोप
- विधानसभा में प्राकृतिक आपदा पर चर्चा आज भी रही जारी— सदस्यों ने अपने—अपने क्षेत्रों में हुए नुकसान के लिए सरकार से मांगी मदद।
- पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी को जयंती पर किया गया नमन।

प्रश्नकाल

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि कांग्रेस ने चुनाव के दौरान प्रदेश की जनता से जो वायदे किए हैं, वे पांच साल में पूरे किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बहनों को 15 सौ रुपए देने का वादा भी पूरा किया जाएगा। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन आज प्रश्नकाल के दौरान विधायक विपिन सिंह परमार और सत्तपाल सिंह सत्ती के मूल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व विधायक बिक्रम सिंह के अनुपूरक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसेवा और राज्य चयन आयोग के माध्यम से जो भी चयनित होकर आएंगे, उन्हें दो साल बाद नियमित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अनुबंध का नाम ही ट्रेनी में बदला गया है और ऐसा कोर्ट के आदेश पर किया गया है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार ने विभिन्न विभागों में 5 हज़ार 9 सौ 60 पद सृजित किए हैं। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने केवल राजनीतिक लाभ लेने के लिए संस्थान खोले और उनमें न पद सृजित किए, न ही ये पद भरे गए, लेकिन उनकी सरकार ऐसा नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि इस साल नौकरियां ही नौकरियां मिलेगी। इस बीच रोजगार को लेकर पूछे गए सवाल के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच कई बार नोकझोंक भी हुई, जिससे सदन का माहौल गरमा गया और मुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी सदस्य सदन से बाहर चले गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष न केवल परेशान है, बल्कि कन्फ्यूज भी है। उन्होंने कहा कि वे बार—बार कह रहे हैं कि आंकड़े नोट कर लें, लेकिन वह बाहर जाने के बहाने ढूंढ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि वे झूठ बोल रहे हैं तो उनके खिलाफ प्रिवलेज लाया जाए। विधायक अनुराधा राणा के सवाल के जवाब में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2012 में हिमाचल प्रदेश आपदा प्रबंधन रिलीफ मैनुअल को संशोधित किया था। नेगी ने कहा कि 2023 के मॉनसून में आई आपदा से प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करने के लिए एक विशेष अवधि के लिए विशेष राहत पैकेज अधिसूचित किया गया था। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में 31 जुलाई 2025 तक प्रदेश सरकार को आपदा के तहत विभिन्न मदों में 3 हज़ार 5 सौ 78 करोड़ 63 लाख रुपये प्राप्त हुए हैं। इसमें से केंद्र सरकार द्वारा 3 हज़ार 2 सौ 47 करोड़ 64 लाख रुपये जबकि राज्य सरकार द्वारा 3 सौ 30 करोड़ 99 लाख रुपये का योगदान किया गया।

जयराम ठाकुर

इस बीच वॉकआउट के बाद नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रोज़गार के मुद्दे पर झूठे आंकड़े पेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बार—बार झूठ बोलकर मुख्यमंत्री ने अपने पद की गरिमा के साथ सदन की भी अवमानना की है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बेरोज़गारी और नौकरियों के मुद्दे पर विपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में नौकरियां बेची जाती थीं और भ्रष्टाचार चरम पर था। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार

पारदर्शी तरीके से भर्तियां कर रही है और सिर्फ कॉन्ट्रैक्ट भर्ती का नाम बदलकर जॉब ट्रेनी किया गया है।

चर्चा

विधानसभा के मॉनसून सत्र में आज तीसरे दिन भी प्राकृतिक आपदा से हुए भारी नुकसान पर चर्चा जारी रही। इस दौरान सदस्यों ने अपने–अपने क्षेत्रों में आपदा में हुए भारी नुकसान का हवाला दिया और राहत के लिए सरकार से मदद मांगी। विधायक विवेक कुमार ने कहा कि दो सालों से लगातार प्रदेश में बरसात से भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में एक पुल है जो भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हो गया है। चौपाल के विधायक बलवीर वर्मा ने कहा कि आपदा में उनके विधानसभा क्षेत्र में भी भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा सड़कें उनके विधानसभा क्षेत्र में है, लेकिन इन सड़कों का रखरखाव नहीं हो रहा हैं। बलवीर वर्मा ने कहा कि चौपाल में 2023 से बंद सड़कें आज तक नहीं खुली हैं। इस कारण बागवान परेशान हैं, क्योंकि मंडियों तक सेब नहीं पहुंच पा रहा है। चर्चा में विधायक अनुराधा राणा, दिलीप ठाकुर, हरदीप सिंह बावा, सुखराम चौधरी, किशोरी लाल, इंद्र सिंह गांधी, मलेंद्र राजन, त्रिलोक जम्वाल, रणजीत सिंह, प्रकाश राणा और सुदर्शन बबलू ने भी हिस्सा लिया।

विधानसभा अध्यक्ष

प्रदेश विधानसभा काउंसिल चैंबर ने आज अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि ये चैंबर लोकतंत्र के इतिहास का जीवंत साक्षी है और यहां लिए गए फैसलों ने भारत की राजनीति व समाज को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि ये काउंसिल चैंबर ब्रिटिशकाल से लेकर वर्तमान तक कई ऐतिहासिक घटनाओं का साक्षी है।

जयंती

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की आज 81वीं जयंती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जंयती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज छोटा शिमला स्थित सद्भावना चौक में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित की। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राजीव गांधी को 'आधुनिक भारत के निर्माता' के रूप में याद किया जाता है। बाद में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता व सद्भाव की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित कैबिनेट मंत्री व अन्य पार्टी नेता भी मौजूद रहे। प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर भी पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई।

लोकसभा ऑनलाइन गेमिंग

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग प्रोत्साहन और विनियमन विधेयक –2025 पेश किया। इसका उद्देश्य ई–खेलों और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढावा देना व पैसा लेकर दी जाने वाली खतरनाक ऑनलाइन गेमिंग सेवाओं, विज्ञापन और उनसे जुडे वित्तीय लेन देन पर रोक लगाना है। इसका उद्देश्य इन खेलों से जुडे प्रभावों से विशेषकर युवाओं और वंचित लोगों को सुरक्षा प्रदान करना है।

---